हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 20 फरवरी 2025

## वर्चस्व की लड़ाई में अपराधी की हत्या

**नागपुर.** सोमवारी क्वार्टर स्थित शाहू गार्डन के पास रविवार रात अपराधी कार्तिक चौबे (28) की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आरोपी रोशन गायकवाड़, सत्यशील गजभिए और करण हाडके को न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 24 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने के आदेश दिए। कार्तिक चौबे के खिलाफ हत्या, चोरी सहित कई गंभीर अपराध दर्ज थे। हाल ही में जेल से रिहा होने के बाद वह इलाके में अपना वर्चस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। आए दिन वह लोगों को धमकाता था। वहीं, रोशन गायकवाड़ और उसके साथियों के खिलाफ भी मारपीट के मामले दर्ज हैं। रविवार रात रोशन, सत्यशील और करण शराब पार्टी करके घर लौट रहे थे। कार्तिक अपने घर के सामने बैठा था। उसने तीनों को देखकर आवाज लगाई और रोशन से जबरन विवाद करने लगा। इस दौरान कार्तिक ने रोशन को थप्पड़ मार दिया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक: बावनकुले

### 'जय छत्रपति शिवाजी महाराज, जय भारत' पदयात्रा का भव्य आयोजन





**नागपुर.**

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज का गौरवशाली इतिहास सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके कार्यों की महत्ता युवाओं तक पहुंचनी चाहिए।

छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है, और इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए "जय छत्रपति शिवाजी महाराज, जय भारत" पदयात्रा एक महत्वपूर्ण पहल है। यह बात महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री व नागपुर जिले के संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने व्यक्त की।


छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती नागपुर महानगरपालिका और जिला प्रशासन द्वारा भव्य रूप से मनाई गई। केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार बुधवार, 19 फरवरी को राजे रघुजी भोसले स्मारक, सक्करदरा से गांधी गेट, महल तक "जय छत्रपति शिवाजी महाराज, जय भारत" पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक प्रवीण दटके, विधायक आशीष देशमुख, श्रीमंत राजे मुधोजी भोसले, पूर्व विधायक विकास कुंभारे, नागपुर के विभागीय आयुक्त माधवी खोडे, पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्रकुमार सिंगल, मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**पदयात्रा का शुभारंभ और समापन**

सक्करदरा में राजे रघुजी भोसले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा की शुरुआत हुई। इसके बाद गांधी गेट, महल में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री बावनकुले ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह अभियान संपूर्ण भारत में मनाया जा रहा है, जो गौरव की बात है।

**शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक वाघनखों के दर्शन की अपील**

श्री बावनकुले ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा अफजल खान का वध करने के लिए उपयोग किए गए ऐतिहासिक वाघनखों को महाराष्ट्र सरकार ने लंदन से वापस लाया है। मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के विशेष प्रयासों से इन्हें नागपुर के मध्यवर्ती संग्रहालय में रखा गया है। उन्होंने नागरिकों से इन ऐतिहासिक धरोहरों के दर्शन करने की अपील की।



### भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

गांधी गेट पर श्री अमोल खंते ने छत्रपति शिवाजी महाराज का रूप धारण कर भव्य प्रस्तुति दी। यात्रा के दौरान बच्चों ने शिवकालीन कलाओं का प्रदर्शन किया, जिसे मंत्री श्री बावनकुले ने सराहा। अजित मोहिते नामक विद्यार्थी ने शिवाजी महाराज पर जोशीला पोवाड़ा प्रस्तुत किया। इसके अलावा, डॉ. संभाजी भोसले ग्रुप और शिवशक्ति अखाड़ा के कलाकारों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया।

### विशेष सुविधाएं और जनभागीदारी

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पीने के पानी और भोजन की व्यवस्था की गई थी। मनपा द्वारा एंबुलेंस और मेडिकल सहायता भी उपलब्ध कराई गई। पदयात्रा में 15 महाविद्यालयों और विभिन्न स्कूलों के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने माँ जिजाऊ, शिवाजी महाराज और मावलों की वेशभूषा धारण कर यात्रा को और भव्य बना दिया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

महाल क्षेत्र की दादीबाई देशमुख कन्या विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मनपा के अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पदयात्रा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और यह नागरिकों के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज की महानता से प्रेरणा लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना।

## एकनाथ शिंदे कल आएंगे विदर्भ दौरे पर

**नागपुर.**



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का विदर्भ दौरा आगे बढ़ गया है। शिंदे अब 20 तारीख के बदले 21 फ़रवरी को विदर्भ आएंगे। हालांकि, शिंदे का दौरा किस कारण एक दिन के लिए आगे क्यों बढ़ा है यह अभी सामने नहीं आया है।

शिवसेना का 'ऑपरेशन टाइगर' इस समय राज्य में चर्चा का विषय बना हुआ है। शिवसेना के शिंदे गुट का लक्ष्य राज्य में उद्धव ठाकरे को कमजोर करना है।

शिंदे की विदर्भ यात्रा का आयोजन विदर्भ में इसी अभियान को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से किया गया था। पूर्व निर्धारित दौरे के अनुसार, एकनाथ शिंदे को गुरुवार 20 फरवरी को नागपुर जिले के रामटेक निर्वाचन क्षेत्र के कन्हान में धन्यवाद सभा आयोजित की गई थी।

शिवसेना ने इस दौरे के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। शिंदे के स्वागत के लिए एयरपोर्ट रोड पर फ्लाईओवर पर एक स्वागत पट्टिका लगाई गई है। इस बैठक में रामटेक से शिवसेना विधायक और मंत्री आशीष जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की थी कि नागपुर और विदर्भ से ठाकरे गुट के कुछ प्रमुख नेता शिंदे गुट में शामिल होंगे। इसलिए सबका ध्यान शिंदे के दौरे पर केंद्रित था। हालाँकि, बुधवार को अचानक खबर आई कि शिंदे ने विदर्भ दौरा एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है।

संशोधित दौरे के अनुसार वह 20 तारीख को नहीं 21 तारीख को पहुंचेंगे। बताया गया है कि वे गोंदिया जाएंगे और वहां से लौटने के बाद दोपहर में कन्हान में बैठक करेंगे। बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो जाने के बाद शिंदे का दौरा अचानक स्थगित होना राजनीतिक हलकों में विवाद पैदा कर रहा है। वर्तमान में भाजपा और शिंदे गुट के बीच पालकमंत्री की नियुक्ति, विधायकों की सुरक्षा में कटौती और अन्य मुद्दों को लेकर तनाव पैदा हो गया है।

हालांकि शिंदे ने खुद मीडिया के सामने दावा किया है कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है, लेकिन फिलहाल राज्य में दोनों पार्टियों के बीच समन्वय की कमी है। शिंदे सेना के 'ऑपरेशन टाइगर' के जवाब में भाजपा ने शिवसेना के कट्टर विरोधी मल्लिकार्जुन रेड्डी को फिर से पार्टी में शामिल कर लिया है। इसे शिवसेना को संदेश देने का प्रयास माना जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में, शिंदे की कल की यात्रा को एक दिन के लिए स्थगित करना महत्वपूर्ण है।

## समय से पहले शुरू हुआ नदियों की सफाई का काम



**नागपुर.** नागपुर महानगर पालिका द्वारा नाग नदी के ही साथ शहर की अन्य नदियों की सफाई का काम गर्मी शुरू होने से पहले ही शुरू कर दिया है। नाग नदी की सफाई के लिए बड़ी-बड़ी जेसीबी मशीनों को नदी के अंदर उतारा गया है, जिसके माध्यम से नदी के अंदर की गन्दगी और मिट्टी को निकाला जा रहा है। 2023 में नागपुर में आयी बाढ़ के बाद नदियों की सफाई को लेकर विशेष तत्परता दिखाई जा रही है। 2023 सितंबर में आई बाढ़ के कारण नाग नदी में बड़ा नुकसान हुआ है। कई कई जगहों पर नदी की सुरक्षा दिवार टूट गई थी। पिछले एक साल से मनपा द्वारा नाग नदी की सुरक्षा दिवार का काम किया जा रहा है। हालांकि, यह काम अभी आधा ही पूरा हुआ है। इसी के साथ पिली नदी की सुरक्षा दिवार सहित अन्य काम किये जा रहे हैं।

## राज्य में अनुसूचित जनजाति आयोग बनाने का प्रयास, नागपुर में तैयार होगा ग्रंथालय

**नागपुर.**



आदिवासी समाज के विकास के लिए अनुसूचित जनजाति आयोग गठन करने की तैयारी चल रही है। अनुसूचित जाति आयोग के समान यह आयोग आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए योगदान देगा। राज्य सरकार इस संबंध में जल्द ही निर्णय लेगी। आदिवासी विकास मंत्री डॉ.अशोक उइके ने जानकारी दी। बुधवार को प्रेस क्लब में मीट द प्रेस कार्यक्रम में आदिवासी विकास मंत्री ने आदिवासी समाज कल्याण की विविध योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी समाज के विकास के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

डॉ.उइके ने कहा-आदिवासी विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद मैंने 9 जिलों का दौरा किया है। 30 प्रकल्प कार्यालयों में से 17 कार्यालय की समीक्षा की है। 100 दिन में विभाग के विकास का योजना प्रारुप तैयार हुआ है। आदिवासी विकास के लिए 55 कार्यक्रम तय किए हैं। 121 आश्रमशालाओं को डिजिटल किया गया है। विविध योजनाओं का प्रभावी अमल किया जाएगा। आदिवासियों के पास कोई दस्तावेज नहीं हो तो भी उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

आदिवासी समाज विकास के कार्यों के लिए निधि की आवश्यकता है। सरकार से मांग की गई है कि बजट में आदिवासी समाज विकास की निधि 10 प्रतिशत बढ़ायें। भरोसा है कि सरकार वह निधि बढ़ाकर देगी। पालकमंत्री पद को लेकर सवाल पर डॉ.उइके ने कहा- आदिवासी विकास विभाग का काम इतना व्यापक है कि मैंने पालकमंत्री बनने की उम्मीद भी नहीं रखी थी।

लेकिन चंद्रपुर जिले में पालकमंत्री के तौर पर मुझे कार्य करने का अवसर मिला है। चंद्रपुर जिले के सभी विधायकों का सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के एक कार्यक्रम में सभी विधायक उपस्थित थे। सुधीर मुनगंटीवार, किशोर जोरगेवार, बंटी भांगडिया सहित भाजपा के सभी विधायक एकत्र हैं।

### नागपुर में ग्रंथालय

विदर्भ क्षेत्र में आदिवासियों को शिक्षा के मामले में सहयोग के लिए विविध प्रयास किए जाएंगे। नागपुर में आदिवासियों के लिए ग्रंभालय व रिडिंग रुम तैयार किया जाएगा। संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन के बाद विविध योजनाओं पर अमल किया जाएगा। आदिवासी समाज के विद्यार्थियों की समस्याएं दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में 497 आश्रमशालाओं में संबंधित अधिकारी एक दिन ठहरे। प्रकल्प व सरकार स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए जानकारियां ली गई। विद्यार्थी विकास का केंद्रबिंदु है। विदेश में शिक्षा के लिए जानेवालों में आदिवासी विद्यार्थियों की संख्या कम है। उन्हें प्रोत्साहन दिया जा रहा है। लड़कियों के होस्टल आधुनिक करने के लिए सुधार कार्य किया जाएगा।

## नगर पंचायत का दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 22-23 को

**नागपुर.** बेसा-पिपला नगर पंचायत ने अपनी वर्षगांठ के अवसर पर 22 और 23 फरवरी को दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले करेंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर और प्रमुख अतिथि के रूप में नागपुर जिला आयुक्त बिपिन इटनकर प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजक और नगर पंचायत के प्रशासक भारत नंदनवार ने बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें इंडियन आइडल फेम अबोली गि-हे और आतिश तेलंग अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। मराठी फिल्म उद्योग के अभिनेता श्रेया बुगड़े और भरत गणेशपुरे अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाएंगे। 23 फरवरी को 'कौन बनेगा डांस का सुपरस्टार' कार्यक्रम में फैशन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में क्राइम डांस कलाकार सांस्कृतिक वेशभूषा में प्रदर्शन करेंगे।

## राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय में शिवाजी जंयती संपन्न



**नागपुर.**

जरीपटका स्थित राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वी जयंती का कार्यक्रम प्रा. विजय केवलरामानी ,नीलम आहूजा,कैलाश केवलरामानी, डॉ उर्मिला डबीर, रशमी वाधवानी, रिचा केवलरामानी पर्यवेक्षिका राजेन्द्रकौर सपरा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रा विजय केवलरामानी ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान के बिना मराठा साम्राज्य की कल्पना भी संभव नहीं थी, यह वाक्य मराठा साम्राज्य और छत्रपती शिवाजी महाराज के महत्व को दर्शाने के लिए पूर्णतः सत्य है। उन्होने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा मराठा साम्राज्य की स्थापना करना, स्वराज्य की परिकल्पना, नवीन युद्धनीतियां, नवीन राजनैतिक रणनीतियां, दूरदृष्टि व दूरगामी योजनाएँ, सबके प्रति धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण के कारण हिंदु- मुस्लिम में सदैव भाईचारा बनाए रखाना उनकी अनेक नीतितों और विशेषताओं के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदवी स्वराज के सच्चे व कभी न भुलाए जाने वाले शासक हैं। नीलम आहूजा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने न केवल भारतीय इतिहास में बल्कि देश के सामाजिक ढांचे और संस्कृति में भी एक महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान दिया। कैलाश केवलरामानी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का दृष्टिकोण और नेतृत्व आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं, जो समाज को एकजुट करने और देश की अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। डॉ उर्मिला डबीर महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल शासक, प्रबंधन के निपुण रणनीतिकार और भारतीय संस्कृति के महान रक्षक थे। रशमी वाधवानी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की सोच आज भी सामाजिक, आर्थिक नीतियों, शिक्षा, कानून और सकारात्मक कारवाई के माध्यम से प्रदर्शित होती है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रा मिताली मेहता व आभार प्रदर्शन रिचा केवलरामानी ने किया।

## नागपुर मेट्रो के संविदा कर्मचारियों को राज्य सरकार ने दी खुशखबरी

### > अब केंद्र सरकार के नियमों के तहत मिलेगा वेतन

**नागपुर.**



नागपुर मेट्रो में कांट्रेक्टर बेस पर काम कर रहे कर्मचारियों। को लेकर राज्य श्रम मंत्रालय ने बड़ा निर्णय लिया है। जिसके तहत अब कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा तय करार के अनुसार वेतन मिलेगा। मंगलवार को मुंबई में श्रम मंत्री आकाश फुंडकर के अधक्षता में बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया। नागपुर मेट्रो में कॉन्ट्रैक्ट बेस पर काम करने वाले कर्मचारी पिछले कई सालों से केंद्र द्वारा तय किए हैं नियमों के तहत वेतन देने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर कर्मचारियों ने कई बार आंदोलन भी किया। लेकिन इसपर कोइ ठोस निर्णय नहीं हो पाया। मध्य नागपुर विधायक प्रवीण दटके लगातार इस मुददे को सरकार के समझ उठा रहे थे। मंगलवार को श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने मुद्दे को लेकर बैठक की। जिसमें विधायक दटके, श्रम मंत्रालय प्रधान सचिव ए आई कुंदन, महामेट्रो के महाप्रबंधक सुधाकर उराडे, शिवानी दानी वाखरे मौजूद रहे। इस दौरान श्रम मंत्री ने कर्मचारियों की मांग स्वीकारते हुए केंद्र सरकार द्वारा तय किए मापदंड के अनुसार, वेतन देने का निर्णय लिया।

**कर्मचारियों को होगा फायदा**

निर्णय की जानकारी देते हुए फुंडकर ने लिखा, नागपुर मेट्रो के ठेका कर्मचारियों के लिए न्याय! मंत्रालय में आयोजित एक बैठक में निर्देश दिया गया कि महामेट्रो के संविदा कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समझौते के अनुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए। सरकार के इस निर्णय से नागपुर मेट्रो में काम कर रहे हजारों कर्मचारियों को फायदा होगा।

## 31 मार्च को खुलेगा अंबाझरी पुल का दूसरा हिस्सा

**नागपुर.**



शहर के अंबाझरी तालाब के सामने तैयार किये जा रहे नए ब्रिज का दूसरा हिस्सा 31 मार्च से खोल दिया जायेगा,2023 में नागपुर आयी बाढ़ के बाद इस जगह पर स्थित ब्रिज को तोड़कर नए ब्रिज को बनाये जाने का काम किया गया,जिसका एक हिस्सा पहले ही खोला जा चुका है जबकि दूसरे हिस्से को 31 मार्च तक खोलने का दावा सार्वजनिक निर्माण कार्य विभाग द्वारा किया गया है. खास है की जिस तरह से नागपुर में बाढ़ के हालातो को लेकर चर्चा हुई ठीक उसी तरह इस ब्रिज की वजह से शहर के कई हिस्सों में बनी ट्रैफिक जाम की समस्या की भी खासी चर्चा हुई.

नागपुर में आयी बाढ़ के बाद तालाब के ओवर फ्लो पोंइट के ठीक सामने स्थित ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज तैयार किया जा रहा है. इस ब्रिज एक एक हिस्सा पहले ही शुरू किया जा चुका है जबकि दूसरा हिस्सा 31 मार्च से शुरू हो जायेगा,हिंगणा को शहर से और शहर के भीतर के कई हिस्सों को आपस में जोड़ने के लिए ये ब्रिज बड़ा महत्वपूर्ण है.

नए ब्रिज के काम के चलते कई दिनों तक नागरिको को ट्रैफिक डायवर्जन के ही साथ जाम समेत कई तरह की दिक्कतों का लंबे समय तक सामना करना पड़ा है. नए ब्रिज के निर्माण कार्य में हुई देरी भी चर्चा के केंद्र में रही थी अब पी डब्लूडी की नई डेडलाइन अगर सही साबित होती है तो इससे यहाँ से आवगमन करने वाले नागरिको को बड़ी सहूलियत होगी।




CMYK

# सैकड़ों नागरिक बने नगर परिषद के साक्षीदार

## > विशेष ग्रामसभा में बहुमत से प्रस्ताव पारित

**खापरखेड़ा.**

सावनेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली चिचोली ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने को लेकर लंबे समय से राजनीति चल रही थी। कई वर्षों से नगर परिषद की मांग की जा रही थी, लेकिन हर बार इस पर राजनीति हावी रही, जिससे प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। इस स्थिति को देखते हुए विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने चिचोली, भानेगांव और चनकापूर ग्राम पंचायतों को मिलाकर संयुक्त नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



नगर परिषद की आवश्यकता को लेकर मासिक और विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। अंततः चिचोली ग्राम पंचायत द्वारा बुलाई गई विशेष ग्रामसभा में नगर परिषद का प्रस्ताव बहुमत से पारित कर दिया गया। इस दौरान सैकड़ों नागरिकों ने नगर परिषद गठन का समर्थन करते हुए इसमें अपनी भागीदारी दर्ज कराई। प्रस्ताव पारित होने के बाद पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अब सबकी नजर पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत पर है, जिसका निर्णय आना बाकी है। चिचोली और भानेगांव ग्राम पंचायत के चुनावों को दो वर्ष बीत चुके हैं, जबकि पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत का कार्यकाल अभी एक साल शेष है। भानेगांव ग्राम पंचायत में भाजपा सहयोगी दल की सत्ता है, जबकि चिचोली और पोटा चनकापूर में केदार गुट का प्रभाव है। राजनीति को किनारे रखते हुए तीनों ग्राम पंचायतों के विलय से नगर परिषद बनाए जाने की मांग उठी। भानेगांव ग्राम पंचायत में भाजपा समर्थित सत्ता होने के कारण वहां मासिक और विशेष ग्रामसभा में नगर परिषद का प्रस्ताव आसानी से पारित हो गया। वहीं, चिचोली ग्राम पंचायत के फैसले को लेकर संशय बना हुआ था। लेकिन अंततः 18 फरवरी को आयोजित मासिक और विशेष ग्रामसभा में नगर परिषद के पक्ष में बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया गया। नगर परिषद प्रस्ताव को पारित कराने के लिए विशेष ग्रामसभा में व्यापक रणनीति बनाई गई। इसके लिए गांवों में कॉर्नर सभाओं का आयोजन कर विशेष ग्रामसभा के महत्व को समझाया गया। इस ग्रामसभा में करीब 500 ग्रामीण उपस्थित थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भी नगर परिषद के समर्थन में जोरदार प्रयास किए।

### पोटा चनकापुर ग्राम पंचायत के निर्णय पर टिकी नजरें

भानेगांव और चिचोली ग्राम पंचायतों की मासिक और विशेष ग्रामसभाओं में नगर परिषद के पक्ष में फैसला आ चुका है। अब 20 फरवरी को पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत की मासिक सभा और 21 फरवरी को विशेष ग्रामसभा होगी, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि विकास की दृष्टि से पोटा चनकापूर ग्राम पंचायत भी नगर परिषद को हरी झंडी दे सकती है, बस औपचारिक निर्णय आना बाकी है।

# अब रुकेगी गुजरखेड़ी में बस

## > भाजपा अध्यक्ष राजू घुगल के प्रयास हुए सफल

**सावनेर.**

सावनेर-नागपुर मार्ग पर स्थित ग्राम गुजरखेडी में अब एसटी बसों का स्टॉप मिलेगा। पिछले तीन-चार वर्षों से इसके लिए प्रयासरत पूर्व नगरसेवक एवं भाजपा शहर अध्यक्ष राजु घुगल को आखिरकार सफलता मिली। 18 फरवरी को क्षेत्र के विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख, भाजपा प्रदेश सदस्य डॉ. राजीव पोतदार, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सावनेर विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुंभारे की उपस्थिति में तथा सावनेर एसटी डिपो के अधिकारियों की मौजूदगी में बस स्टॉप का शुभारंभ किया गया।



राजु घुगल ने बताया कि बस स्टॉप बनने से गुजरखेडी के निवासियों के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों, सावनेर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और मौनीबाबा तीर्थक्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए वे पिछले तीन-चार वर्षों से इस प्रयास में जुटे थे। इस अवसर पर विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख ने सावनेर डिपो के प्रशासन को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बसें समय पर चलें, विशेष रूप से परीक्षाओं और शादियों के मौसम में ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में रामराव मोवाडे, एडवोकेट अरविंद लोधी, रोहित मुसळे, मंदार मंगले, वनिता घुगल, रेखा पोटभरे, माया शंभरकर, आशा घुगल, भारती आठणकर, सुजीत बागडे, तुषार उमाटे, आशिष माटे, वैभव ढवळे, पिंटू सातपुते सहित कई ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खुर्सापार में शिव जयंती पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सावनेर.**




शिव जयंती के पावन अवसर पर युवा समाजसेवी भूषण कुबड़े के प्रयासों से मंगलवार, 18 फरवरी 2025 को जिला परिषद प्राथमिक शाला, खुर्सापार, तहसील सावनेर में भव्य रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि करीब 450 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में सावनेर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों डॉ. आशीष चांडक, डॉ. अमित बहेती, शिवम पुण्यानी, डॉ. नीलेश कुंभारे, डॉ. प्रवीण चौहान, डॉ. मयूर डोंगरे एवं फार्मासिस्ट पंकज जुनघरे द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा वितरण किया गया। रक्त संग्रहण हेतु डॉ. हेडगेवार रक्त केंद्र, नागपुर की टीम मौजूद रही।

इसके अलावा, राजमार्ग पुलिस अधिकारी विजय मुसनवार, कांस्टेबल मानकर एवं कांस्टेबल राउत ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

आयोजन में गोतमारे गुरुकुल, सावनेर के निदेशक भाऊ गोतमारे भी उपस्थित रहे। उनके विद्यार्थियों ने भजन, हनुमान चालीसा, शिव तांडव स्तोत्र, शिव गर्जना सहित विभिन्न आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया।

इस सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों और आयोजकों की सराहनीय भूमिका रही।

# स्कूल में प्रभारी प्राचार्य पर हमला, शिक्षा जगत में हड़कंप

**रामटेक.**

शिक्षा जगत को कलंकित करने वाली और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाली एक चौंकाने वाली घटना रामटेक के पुण्यश्लोक विद्यानिकेतन हाई स्कूल, खुमारी में घटी। यहां प्रभारी प्राचार्य नीलकंठ रामदासजी बारेकर (उम्र 59, निवासी शीतलवाड़ी, रामटेक) पर बेरहमी से हमला किया गया। हमलावरों ने उन्हें जबरन कुर्सी से खींचकर बाहर फेंक दिया, जातिसूचक गालियां दीं और बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज, चेकबुक, पासबुक और स्टाम्प भी जबरन छीन लिये गए।



नीलकंठ बारेकर 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके थे, लेकिन स्कूल संचालक ने उन्हें दो साल के लिए कार्यवाहक प्राचार्य और प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया था। 15 फरवरी 2025 को सुबह 10:30 बजे, जब वे अपने कार्यालय में काम कर रहे थे, तो गजानन पुंड नामक व्यक्ति, जिसे पहले संगठन से बर्खास्त किया गया था, उनके पास आया। उसने खुद को स्कूल सार्जेंट के पद पर पुनः बहाल करने की मांग की। लेकिन प्राचार्य द्वारा बिना आधिकारिक आदेश के ऐसा करने से इनकार करने पर वह भड़क उठा और अपने साथियों को बुला लिया।

कुछ ही देर में वासुदेव पुंड, उनके बेटे अभिषेक पुंड और अभिजीत पुंड, भतीजा प्रवीण पुंड, वकील दिनेश बोरकर और अन्य अज्ञात लोग स्कूल पहुंच गए।

उन्होंने सीधे कार्यालय में घुसकर बारेकर को कुर्सी से उठाते हुए सवाल किया, "आप इस स्कूल के कैसे प्रिंसिपल हैं?" फिर उन्हें जबरन कुर्सी से नीचे गिराकर घसीटते हुए बाहर ले गए। हमलावरों ने जमीन पर गिरते ही उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। छात्रों और स्टाफ के सामने ही प्रभारी प्राचार्य पर बेरहमी से हमला किया गया। हमले के बाद वासुदेव पुंड ने उनके टेबल से स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज, चेकबुक, पासबुक, स्टांप और अन्य फाइलें जबरन छीन लिये और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इस हमले के बाद नीलकंठ बारेकर लहूलुहान हालत में रामटेक पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए रामटेक उपजिला अस्पताल भेजा और तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। रामटेक पुलिस ने वासुदेव पुंड, गजानन पुंड, अभिषेक पुंड, अभिजीत पुंड, प्रवीण पुंड और वकील दिनेश बोरकर के खिलाफ धारा 323 (हमला), 504 (अपमान), 506 (जान से मारने की धमकी), 352 (हिंसक कृत्य) और अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

**शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियां चिंता का विषय**

यह घटना शिक्षा जगत के लिए एक बड़ा झटका है। स्कूलों में ऐसी घटनाएं न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा पर भी गंभीर चिंता खड़ी करती हैं। प्रशासन और पुलिस को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी होगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नागपुर ग्रामीण अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई

## > नकली शराब फैक्ट्री पर छापा, 11.82 लाख का माल जब्त

**कोंढाली.**

नागपुर ग्रामीण अपराध शाखा की टीम ने 19 फरवरी की सुबह कोंढाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौजा मरगसुर के वन-प्रवण क्षेत्र में चल रही अवैध नकली शराब फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली शराब और अन्य सामग्री जब्त की। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने मौके से नकली शराब बनाने और पैक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनें और सामग्री जब्त की, जिनकी कुल कीमत ₹ 11,82,520 आंकी गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, मरगसुर में चल रहे इस अवैध शराब कारखाने में बनाई गई नकली शराब कोंढाली और आसपास के शराब ठेकों, बियर बार, ढाबों, साथ ही वर्धा, तलेगांव और गडचिरोली तक सप्लाई की जाती थी। यह कार्रवाई नागपुर जिला ग्रामीण अपराध शाखा के निरीक्षक ओमप्रकाश कोकाटे के मार्गदर्शन में की गई। इस दौरान सहायक पुलिस निरीक्षक किशोर शेरकी, जीवन राजगुरु, आशीष सिंह ठाकुर, कोंढाली थाने के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों को आगे की जांच के लिए कोंढाली पुलिस को सौंप दिया गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



# वाड़ी नप. कार्यालय में संविधान चित्ररथ का भव्य स्वागत

**वाड़ी.**

भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र सरकार द्वारा संविधान का अमृत महोत्सव वर्षभर मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के पहले चरण में पूरे महाराष्ट्र में संविधान रथ को घुमाकर "घर-घर संविधान" का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में, महाराष्ट्र सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा एक भव्य संविधान चित्ररथ तैयार किया गया है, जिसे समाज कल्याण विभाग की सहआयुक्त सुकेशनी तेलगोटे के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। आज यह संविधान चित्ररथ वाड़ी पहुंचते ही नगर परिषद (नप) कार्यालय के सामने भव्य स्वागत किया गया। नप. के उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे ने माल्यार्पण कर चित्ररथ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आशा सेविकाएं, आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं शहर के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे ने उपस्थित नागरिकों एवं अधिकारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। इसके बाद संविधान चित्ररथ ने वाड़ी शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर नागरिकों को संविधान के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात चित्ररथ हिंगणा की ओर रवाना हुआ।

# दहेगांव रंगारी में श्री गजानन महाराज प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा संपन्न

## > पालकी समारोह व शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब





**खापरखेड़ा.**

दहेगांव रंगारी में भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ श्री गजानन महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर भव्य पालकी समारोह और शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

श्री गजानन महाराज प्राणप्रतिष्ठा एवं प्रकटदिन उत्सव का आयोजन 17 फरवरी से 20 फरवरी तक दहेगांव रंगारी, वार्ड क्रमांक 5, पांडे लेआउट स्थित गजानन नगरी परिसर में किया गया है। सोमवार, 17 फरवरी को श्री साईं मंदिर से गजानन महाराज मंदिर तक विशाल शोभायात्रा और पालकी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिभाव से शोभायात्रा में भाग लिया। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और श्री गजानन महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर विजय ग्रंथ का पारायण, भजन, सुंदरकांड पाठ और भक्ति गीत जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरुवार, 20 फरवरी को प्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. तुषार सुरपैठणकर के कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य आयोजकों में राजेंद्र वानखेड़े, आशीष उपासे, संयोजक मोरेश्वर मांगुलकर, श्रीधर जेन, दिलीप मांगुलकर, हरेराम सिंह सहित सोनू डेकाटे, आनंद चव्हाण, घनश्याम पासवान, वानखेड़े, यश वानखेड़े, वैभव पातुरकर और धीरज भिलकर प्रमुख रूप से शामिल रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

# संत गजानन महाराज प्रगट दिवस सप्ताह का भव्य आयोजन

**सावनेर.**

शहर के प्रोफेसर कॉलनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में भव्य आयोजन के तहत संत गजानन महाराज प्रगट दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह मंदिर अपनी धार्मिकता और सौंदर्य के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर का पुनर्निर्माण बोरगांव के विशेष पत्थरों से किया जा रहा है, जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई है।

मंदिर परिसर हरे-भरे पेड़ों और पौधों से सजा हुआ है, जो श्रद्धालुओं का मन मोह रहा है। 13 फरवरी से शुरू हुए इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। निर्माणाधीन मंदिर की सुंदर सजावट, आकर्षक विद्युत रोशनाई और स्वच्छता के साथ गजानन महाराज के श्लोक एवं "गण गण गणात बोते" की गूंज माहौल को भक्तिमय बना रही है। आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिर के बगल में नक्काशीदार पत्थरों से निर्मित एक सुंदर छोटा मंदिर भी बनाया गया है, जिसमें संत गजानन महाराज की पादुका और प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। हर दिन सुबह 5 बजे अभिषेक, आरती एवं प्रसाद वितरण होगा, जबकि शाम को विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 20 फरवरी को प्रगट दिवस के अवसर पर सुबह 5 बजे विशेष अभिषेक, आरती, हवन तथा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में ढोल-ताशे, रथ पर विराजमान महाराज की प्रतिमा, भजन मंडल, दिंडी और कलशधारी महिलाएं शामिल होंगी। यह यात्रा मंदिर से निकलकर गांधी चौक, बाजार चौक, श्रीराम मंदिर मार्ग, होली चौक, बस स्टैंड, राजकमल चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर में संत गजानन महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें पालना कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 से 4 बजे तक प्रसिद्ध कीर्तनकार भगवतःचार्य ह. भ. प. सुरेंद्र महाराज ठाकरे द्वारा कीर्तन किया जाएगा। वहीं, शाम को दादाजी भजन मंडल के गायक भगवन्ता मोरे द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस भक्तिमय आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।



# कोंढाली में शिव जयंती का भव्य उत्सव

## > शोभायात्रा और मानवंदना के साथ मनाई गई जयंती

**कोंढाली.**

महाराष्ट्र के आराध्य देवता और स्वराज्य के संस्थापक, छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती पूरे विश्व में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इतिहासकार और व्याख्याता इस अवसर पर शिवाजी महाराज के युद्ध कौशल, स्वराज्य की स्थापना, महिला अधिकारों और जातिगत समानता के प्रति उनके दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।



कोंढाली में भी "जय जय भवानी! जय जय शिवाजी!" के सिंहगर्जना के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और मानवंदना दी गई। इस अवसर पर स्थानीय संगठन मार्दव संघटना द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष विजय घोष के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 325 युवा और युवतियों ने रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान दिया।

इसके अलावा, कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट पर ॐ साई ग्रुप द्वारा ढोल-ताशों की गूंज और पटाखों की आतिशबाजी के बीच शिवाजी महाराज की जयंती का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रसाद और भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी शिव जयंती बड़े उत्साह से मनाई गई। जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, शेकापुर गणेशपुर के नन्हे छात्रों ने इस पर्व को मनाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात किया। कोंढाली के विभिन्न शिक्षण संस्थानों—राजेंद्र सिंह बाबा व्यास कला वाणिज्य महाविद्यालय, नगर पंचायत कोंढाली, लाखोटिया भूतड़ा विद्यालय, लोणकर राठी प्राथमिक विद्यालय, जिल्हा परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय कोंढाली, त्रिमूर्ति हाई स्कूल दुधाला—के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों जैसे रा.मा. इंदिरा गांधी बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था द्वारा भी शिव जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस भव्य आयोजन ने कोंढाली में शिवाजी महाराज के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रकट किया, जिससे संपूर्ण नगर में हर्षोल्लास का माहौल बना रहा।

# राज्य में चल रहा ऑपरेशन टाइगर

## संजय राठोड बोले- आगे-आगे देखिये क्या क्या होता है?

**यवतमाल.**

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि 'ऑपरेशन टाइगर' अभियान चल रहा है, जबकि महायुति सरकार के पास सबसे ज्यादा सैनिक हैं। जब पत्रकारों ने राज्य के मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़ से इस संबंध में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया, ''आगे-आगे देखिये क्या क्या होता है? यह इस बात का संकेत है कि राज्य में एक और बड़ी पार्टी टूट की संभावना है।

आज बुधवार को यहां आयोजित पत्रकार सम्मेलन में संजय राठोड ने 'तलछट मुक्त बांध, गाद भरे शिवार' योजना के बारे में जानकारी दी। जब मीडिया प्रतिनिधियों ने उनसे यवतमाल-वाशिम के सांसद संजय देशमुख द्वारा बयान में लगाए गए आरोपों के बारे में पूछा, तो मंत्री संजय राठौड़ ने जवाब दिया, "आगे क्या होता है, यह देखने के लिए देखते रहिए।" सांसद संजय देशमुख ने हाल ही में वानी में एक स्वागत समारोह में सनसनीखेज आरोप लगाया कि शिवसेना विधायकों और सांसदों को लालच और दबाव देकर राज्य में 'ऑपरेशन टाइगर' अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह पिछले एक महीने से राजनीतिक हलकों में चर्चा चल



रही है कि शिवसेना उद्धव गुट के कुछ सांसद शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगे। दिल्ली में शिंदे गुट के सांसदों द्वारा आयोजित 'डिनर डिप्लोमेसी' में शिवसेना के चार सांसदों ने हिस्सा लिया। इसलिए शिवसेना उद्धव में अस्थिरता की बात कही जा रही है।

चर्चा है कि यवतमाल के उद्धव से शिवसेना सांसद संजय देशमुख ने वानी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 'ऑपरेशन टाइगर' अभियान शुरू करने का संकेत दिया। इस संबंध में मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़ ने बयान देते हुए कहा, "आगे-आगे देखिए, क्या होगा?" कहा जा रहा है कि इससे राजनीतिक हलकों में 'ऑपरेशन टाइगर' अभियान को लेकर चल रही चर्चा को बल मिला है। "मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा।" संजय राठौड़ ने कहा, "आप सभी देखेंगे कि जल्द ही क्या होने वाला है।"

जब उनसे पूछा गया कि क्या सांसद की गोलीबारी के पीछे उनका हाथ है तो उन्होंने कहा, "मैं आज कुछ नहीं कहूंगा।" उन्होंने कहा, "आप देखेंगे कि कुछ ही दिनों में क्या होने वाला है।" राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है कि मंत्री संजय राठौड़ का बयान इस बात का संकेत है कि राज्य में विभाजनकारी राजनीति का एक और दौर शुरू होगा। यवतमाल में भी कुछ दिनों से चर्चा चल रही है कि शिवसेना उद्धव गुट के स्थानीय पदाधिकारी जल्द ही शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगे।

# मोहगांव ग्राम पंचायत में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

**गिरड़.**

मोहगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में रयते के राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच विलास नवघरे ने शिवाजी महाराज के जयकारों के बीच उनकी तस्वीर की विधिवत पूजा-अर्चना की और आदरपूर्वक मानवंदना अर्पित की।

इस कार्यक्रम में ग्राम सेवक संतोष पुरकाम, तंटामुक्त समिति के अध्यक्ष अनिल धोटे, ग्राम पंचायत सदस्य प्रणाली वांढरे, सुनी वाघाड़े, पुलिस



पाटिल मेघा धोटे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच विलास नवघरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान और उनके अद्वितीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिवाजी महाराज को जनता का सच्चा राजा बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी।

इस आयोजन को सफल बनाने में कम्प्यूटर ऑपरेटर मंगेश गारघाटे, ग्राम पंचायत कर्मचारी अरुण ठाकरे, दौलत शाहरे और अन्य पंचायत कर्मियों ने विशेष सहयोग दिया।

# लोकमान्य विद्यालय ने आशितोष पाटिल की सफलता का जश्न मनाया

## > सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**हिंगनघाट.**

दारोडा निवासी और लोकमान्य माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र आशितोष प्रकाश पाटिल ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए 318 वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें सहायक आयुक्त पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस सफलता पर लोकमान्य विद्यालय द्वारा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रा. संदीप रेवतकर ने की, जबकि विद्यालय की प्राचार्या उषा घोड़मारे, सत्कारमूर्ति आशितोष पाटिल एवं छगन उगेमुगे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में गणमान्य व्यक्तियों ने आशितोष पाटिल को शॉल, माला, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में आशितोष पाटिल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों में उन्होंने



छात्रवृत्ति के सहारे अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और पुणे के व्ही. आई.टी. इंजीनियरिंग कॉलेज से स्नातक किया। आशितोष के पिता कताई मिल में काम करते थे, जबकि उनकी माँ भी कड़ी मेहनत करती थीं।

बिना किसी निजी ट्यूशन के उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों से अपील की कि वे कभी भी परिस्थितियों से हार न मानें और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करते रहें। विद्यालय की प्राचार्या उषा घोड़मारे ने आशितोष की सफलता की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि अगर वे कड़ी मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संस्था के कोषाध्यक्ष प्रा. संदीप रेवतकर ने अपने संबोधन में आशितोष को बधाई दी और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करें और अपने जीवन को सफल बनाएं।

इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गजानन झाड़े ने किया, जबकि शंकर धोंडगे ने आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण – विनोद शिरसे, ज्ञानेश्वर महाजन, निकिता शिवणकर, मोरेश्वर घोडे, निरंजन अवतारे, विजय नासारे, शंकर सोयाम सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# 'जय शिवाजी जय भारत' पदयात्रा में शामिल हुए हिंदी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

## > छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर वर्धा में निकली भव्य पदयात्रा

**वर्धा.**

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बुधवार, 19 फरवरी को 'जय शिवाजी जय भारत' पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का शुभारंभ शहर के सर्कस मैदान से जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस भव्य आयोजन में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, विद्यार्थी, शिक्षक और अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पदयात्रा के दौरान विद्यार्थी 'जय शिवाजी, जय भारत' और 'जय शिवाजी जय भवानी' के नारों से परिसर को गुंजायमान कर रहे थे। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमचंद्र ससाने, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस भव्य पदयात्रा का आयोजन क्रीड़ा व युवक निदेशालय तथा






जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामदास तडस, जिलाधिकारी वान्मथी सी., अपर जिलाधिकारी नरेंद्र फुलझेले, परिविक्षाधीन जिलाधिकारी रेवैया डोंगरे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूरज गोहाड, निवासी उपजिलाधिकारी शिवराज पडोळे, जिला क्रीड़ा अधिकारी आशा मेश्राम समेत अनेक गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उद्घाटन पर अभिभावक मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिवाजी महाराज के विचारों से प्रेरणा लें और देशहित में कार्य करें।

उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी महाराज को एक आदर्श राजा बनाने में उनकी माता जीजाबाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसलिए माताओं को चाहिए कि वे अपने बच्चों को संस्कारवान और चरित्रवान बनाने के लिए मां जिजाऊ को आदर्श मानें। पूर्व सांसद रामदास तडस ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने एक समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष समाज की स्थापना की थी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं।

युवाओं को उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए। पदयात्रा के दौरान संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में गणमान्य लोगों के हाथों एक पौधा भी रोपा गया। पदयात्रा के समापन के अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक खेलों, मल्लखांब, दांडपट्टा, योग, पारंपरिक पोशाक प्रदर्शन और स्वच्छता अभियान का प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिले के युथ आइकॉन उज्ज्वल ठाकरे, सारंग रघाटाटे, साहिल दरने, गुरुप्रसाद साठोने और प्रतीक पवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत ने किया, जबकि शिक्षा अधिकारी डॉ. नीतू गावंडे ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, महिलाएं और सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

**'माझी साइकिल, सुरक्षित साइकिल'**

# विद्या विकास हाईस्कूल को जिला स्तर पर प्रथम स्थान




**हिंगनघाट.**

कमलनयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन, वर्धा के मार्गदर्शन में डिजाइन फॉर चेंज उपक्रम के अंतर्गत विद्या विकास हाईस्कूल, हिंगनघाट के आठवीं कक्षा के छात्रों ने "माझी साइकिल, सुरक्षित साइकिल" परियोजना का सफलतापूर्वक संचालन किया। इस परियोजना का मार्गदर्शन शिक्षक सुधाकर टिपले ने किया।

इस उपक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण विद्या विकास हाईस्कूल, हिंगनघाट को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुलसकर, सचिव डॉ. नयना तुलसकर, तथा मुख्याध्यापक नितेश रोडे ने शिक्षक एवं छात्रों का अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस शानदार सफलता के लिए विजयी छात्रों की चारों ओर सराहना की जा रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन चरित्र युवाओं के लिए प्रेरणादायक: देशमुख

**सेवाग्राम.**

छत्रपति शिवाजी महाराज का असली इतिहास समझना आज की पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वे केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जीवन चरित्र प्रत्येक व्यक्ति को सही दिशा देने का कार्य करता है। यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था के अध्यक्ष समीर देशमुख ने यह विचार व्यक्त किए।

यह कार्यक्रम सेवाग्राम स्थित यशवंत विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्सव समिति, यशवंत महाविद्यालय वर्धा, यशवंत विद्यालय वर्धा और यशवंत कनिष्ठ महाविद्यालय सेवाग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी



को जिलास्तरीय वक्तृत्व स्पर्धा संपन्न हुई, जिसमें विजेताओं को 19 फरवरी को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था के अध्यक्ष समीर देशमुख ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश राउत (उपाध्यक्ष, यशवंत ग्रामीण शिक्षा संस्था), प्राचार्या वंदना राउत, मोहन बहाड, संजय देशमुख, प्रा. उमाकांत डुकरे, विशाल जाचक, दिलीप चव्हान आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज और शिक्षा महर्षि बापुरावजी देशमुख के छायाचित्रों की पूजा और पुष्प अर्पण से की गई।

इस अवसर पर सतीश राउत ने कहा कि महापुरुषों के जीवन चरित्र का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। छत्रपति शिवाजी महाराज एक आदर्श उदाहरण हैं कि जीवन किस प्रकार जिया जाना चाहिए। उनके विचारों को आत्मसात करना आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे शिवराय के राज्य निर्माण और उनके कार्यों का अध्ययन करें। विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में परीक्षक की भूमिका उज्ज्वला इंगले, शैलजा सालुंके, अभिता शिंदे और प्रा. नरेश सोनटक्के ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन शुभांगी चिकटे ने किया, जबकि प्रस्तावना दिलीप चव्हान ने रखी और आभार प्रदर्शन प्रा. उमाकांत डुकरे ने किया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में यशवंत विद्यालय वर्धा और यशवंत महाविद्यालय वर्धा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# नर्सों के निलंबन का मुद्दा गहराया

## अस्पताल कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन काम बंद की दी चेतावनी

**अमरावती.**

जिला अस्पताल से दो नर्सों को निलंबित किये जाने से वहां कार्यरत सभी नर्स काफी आक्रोश में है। इस कार्रवाई के खिलाफ नर्स ने एक दिवसीय काम बंद कर विरोध प्रदर्शन की और निलंबन की कार्रवाई वापस नहीं लेने पर अनिश्चितकालीन काम बंद की चेतावनी दी है।

अमरावती जिला सामान्य अस्पताल की नर्स अंजुमा बोनो शेख और अस्थायी कर्मचारी जयमाला तंतरपाले को दुष्कर्म का शिकार हुए एक बच्चे के इलाज में देरी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया, लेकिन नर्स संगठन ने आरोप लगाया है कि ये कार्रवाई गलत है।

इस कार्रवाई के खिलाफ नर्सें आक्रामक हो गईं और काम बंद कर विरोध प्रदर्शन की और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि दोनों नर्सों का निलंबन तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर चार दिनों के भीतर निलंबन वापस नहीं लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन काम बंद पर चले जाएंगे।

# चार क्विंटल गेहूं और 35 किलो सरसों से 18 एकड़ में बनाई महाराज की प्रतिमा

**अकोला.**

महाराष्ट्र और पूरे देश के गौरव के प्रतीक, हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाई जा रही है। श्री शिवाजी कॉलेज, अकोट में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें एक अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 18,000 वर्ग फीट पर शिवाजी की भव्य दिव्य प्रतिमा बनाई गई है। गेहूं और सरसों की फसलों का उपयोग करके बहुत सुंदर कलाकृति बनाई गई। अकोट की कलाकृति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है।

छत्रपति शिवाजी महाराज की बहादुरी भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उनके विचारों का न केवल महाराष्ट्र में बल्कि पूरे देश में सम्मान किया जाता है। उनकी युद्ध रणनीति, कूटनीति, गुरिल्ला युद्ध, शैली और प्रशासनिक दक्षता आज भी सभी को प्रेरित करती है। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती महाराष्ट्र सहित पूरे भारत में हर्ष और गर्व के साथ मनाई जाती है। शिवाजी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन कार्यों को स्मरण करने तथा उनके प्रेरक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश भर में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अकोला जिले में भी




छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े पैमाने पर मनाई जा रही है। अमरावती में श्री शिवाजी शिक्षण संस्था द्वारा संचालित अकोट स्थित श्री शिवाजी कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर हर साल विभिन्न गतिविधियां मनाई जाती हैं। इस वर्ष महाविद्यालय ने प्रकृति के माध्यम से शिवाजी महाराज की भव्य दिव्य छवि बनाई है। कॉलेज के प्रोफेसरों, कर्मचारियों और 25 छात्रों ने सिर्फ 15 दिनों में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाई। छत्रपति शिवाजी महाराज की कलाकृति बनाने के लिए चार क्विंटल गेहूं और 35 किलोग्राम सरसों का उपयोग किया गया। इसकी योजना पहले श्री शिवाजी कॉलेज के विशाल प्रांगण में बनाई गई थी। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र बनाया गया। इसमें गेहूं और सरसों बोई गई थी। 15 दिनों के भीतर गेहूं और सरसों की भरपूर फसल उग आई। उसके माध्यम से, इस भव्य दिव्य छवि का निर्माण हुआ। इस छवि से ऐसा आभास होता है कि महाराजा किले से नीचे उतरे हैं। कॉलेज के छात्रों, चतुर्भुज कला के छात्रों और कॉलेज के कर्मचारियों ने इस छवि को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया।

# युगांत अर्बन में धूमधाम से मनाया गया शिव जन्मोत्सव

**हिंगनघाट.** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में युगांत अर्बन एंड रूलर क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चेतन ढोरे, उपाध्यक्ष मयूर पाटिल सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। संस्था के अध्यक्ष चेतन ढोरे ने कहा, "यदि कलाई में ताकत, बुद्धि में रणनीति और विचारों में ईमानदारी हो, तो स्वराज की स्थापना की जा सकती है।" उन्होंने शिवाजी महाराज के संघर्ष और स्वराज की महत्ता पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन स्वीटी राउत मैडम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आकाश झाड़े सर ने किया। इस आयोजन में संस्था के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिव जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# पूर्व विधायक सहसराम कोरोटे कल होंगे शिवसेना में शामिल

**गोंदिया.**



आमगांव देवरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस विधायक सहसराम कोरोटे 21 फरवरी को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल होंगे। पूर्व विधायक सहसराम कोरोटे ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी है कि यह प्रवेशोत्सव देवरी में होगा। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे, शिवसेना जिला प्रमुख सुरेंद्र नायडू, मुकेश शिवहरे, युवा नेता डॉ. सुगत चंद्रिकापुरे उपस्थित थे।

2024 के विधानसभा चुनाव में मौजूदा विधायक सहसराम कोरोटे का टिकट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने काटकर एक रिटायर्ड अधिकारी को दे दिया। आमगांव देवरी विधानसभा क्षेत्र में जब कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा तो सहसराम कोरोटे ने पार्टी नेतृत्व के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की कि चुनाव के ऐन पहले टिकट काटा गया। पूर्व विधायक सहसराम कोरोटे ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा टिकट वितरण में की गई अनियमितताओं के कारण कांग्रेस पार्टी राज्य में सरकार नहीं बना सकी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार्यशैली पर विश्वास व्यक्त करते हुए सहसराम कोरोटे ने जानकारी दी है कि 21 फरवरी को एकनाथ शिंदे की शिवसेना टोली द्वारा देवरी में आयोजित कार्यक्रम में वे शिवसेना में शामिल होंगे। 9 फरवरी को अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में अपने बेटे के साथ मुंबई में प्रवेश किया। पूर्व विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे ने जानकारी दी है कि आने वाले दिनों में गोंदिया विधानसभा से पूर्व विधायक और पूर्व सांसद एकनाथ शिंदे की शिवसेना पार्टी में शामिल होंगे। इसलिए आने वाले दिनों में नाना पटोले को गोंदिया जिले में बड़ा झटका लगेगा।

# राष्ट्रीय महामार्ग पर सड़क हादसा, दो की मौत, तीन घायल

**अकोला.**

जिले के मुर्तिजापुर तहसील में राष्ट्रीय महामार्ग पर कुरुम के पास दो दुपहिया वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल तीन लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

घटना के अनुसार, अकोट तहसील के अकोलखेड निवासी आकाश पवार अपने ससुराल फुलामला गांव आए थे और कुछ काम से अपने ससुर को लेकर बाहर गए थे। लौटते समय उनकी बाइक की टक्कर माधापुरी गांव निवासी विक्की गवली की बाइक से हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके ससुर घायल हो गए। विक्की गवली को गंभीर चोटें आईं, और इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।घायलों का इलाज जारी है,और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे ने राष्ट्रीय महामार्ग पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जताई है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई





**वाडी.**

वाडी में आज श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा शिवाजी महाराज के स्मारकों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वाडी के विभिन्न स्थानों पर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। शिवाजी महाराज स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन बैस, पूर्व जी. प. सदस्य भारती पाटील, नागपुर जिला महासचिव द्र्योधन ढोणे, नागपुर तालुका अध्यक्ष प्रकाश कोकाटे, वाडी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश थोराणे, माजी उपनगराध्यक्ष राजेश थोराणे, वाडी शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अरुणा पगारे, पूर्व सरपंच भीमराव लोखंडे, नागपुर जिला युवक कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज फलके सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। विश्व हिंदू शौर्य संगठन द्वारा आदर्श नगर चौक स्थित श्री शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शिवम राजे, मार्गदर्शक विशाल जाधव, गौरव उगले, प्रज्वल अतकरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस आयोजन में वैभव राजे, लोकेश जगताप, चंद्रकांत येवले, शुभम डवरे, पवन बरबईले, महेश चौधरी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा वाडी मंडल और शहर इकाई की ओर से खडगांव रोड स्थित शिवाजी महाराज के स्मारक पर माल्यार्पण किया गया और मिठाई वितरित कर जयघोष किया गया। इस अवसर पर भाजपा वाडी मंडल अध्यक्ष आनंदबाबू कदम, नरेश चरडे, पुरुषोत्तम रागीट, सरीता यादव, मधुकर बर्वे, कैलाश मंथापुरवार, मानसिंह ठाकुर, विपीन वर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) द्वारा भी छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय जिलाध्यक्ष संतोष नरवाडे, जिला उपाध्यक्ष प्रा. सुरेंद्र मोरे, शहर कार्याध्यक्ष अमित हसनापुरे, शहर महासचिव रवींद्र सुरजुसे, जिला उपाध्यक्ष अतुल शेंडे सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अस्मिता मंच, अस्मिता युवा मंच और यशोधरा महिला मंडल के पदाधिकारी खड़गांव रोड स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने एकत्रित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अध्यक्ष राजकुमार बोरकर, एड. अनिल गायकवाड, सुरेश रामटेके, नरेश चोखांद्रे, शुभम जांगड़े, रजनी बागड़े ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान चंदा सुखदेव, रत्नमाला साखरकर, ऋषि लोखंडे ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम का परिचय एड. सुनील गायकवाड ने दिया और संयोजन शुभम जांगड़े ने संभाला। धन्यवाद ज्ञापन रजनी बागड़े ने किया। उत्कर्ष ज्ञान विकास बहुउद्देश्यीय संस्थान के माध्यम से उत्तम किड्स कॉन्वेंट में भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रजनी बागड़े ने मार्गदर्शन किया, जबकि जे. यू. भगत ने शिवाजी महाराज के क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। प्राचार्य बागड़े ने अपने भाषण में शिवाजी महाराज द्वारा समानता और लोकतंत्र की स्थापना के विचारों को साझा किया और महिलाओं के सम्मान पर उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

इस अवसर पर टी. बी. नवाले, एम. आर. राऊत, दीपक कवाड़े, तेजराव साहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मंडल उपस्थित रहे।

### शिवाजी महाराज के विचारों को किया गया स्मरण

वाडी में विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों और आदर्शों को याद किया गया और उनके ऐतिहासिक योगदान को नमन किया गया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श को अपनाएं : कुंभारे

**कामठी.**



राजा छत्रपति शिवाजी महाराज, जिन्होंने इतिहास के पन्नो के साथ -साथ जमीनी स्तर और विश्वास की सीमा पर शासन किया था इसके मद्देनजर रखते हुए राजा छत्रपति शिवाजी महाराज आदर्शों को अपनाया जाना चाहिए।

उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए सुलेखा कुंभारे ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मोत्सव पर व्यक्त करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पुष्पमाला अर्पित कर सामूहिक अभिवादन कर सभी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस समय, लायंस क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सुलेखा कुंभारे द्वारा भेंट दिए जाने पर लायंस क्लब के पदाधिकारी अनिल देशमुख, आशीष वंजारी सहित आयोजकों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर छावणी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सीरिया, पूर्व उपाध्यक्ष व बरिएमं छावनी क्षेत्र अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ चंदू लांजेवार, बरिएमं अल्पसंख्याक प्रमुख अफजल अंसारी, कामठी शहर अध्यक्ष दिपंकर गणविर, सुभाष सोमकुवर, नियाज कुरैशी, अनुभव पाटील, विनय बांबोर्डे, सागर भावे, राजेश शंभरकर, सुनिल वानखेडे, सचिन नेवारे, श्रीकांत डंभारे, अजित बागडे, रेखा भावे, सावला सिंगाड़े, रजनी गजभिये, अल्का तांबे, छाया बंसोड रेखा पाटील, उषा भावे, पल्लवी भावे, विमल लोणारे, सुमन घरडे, शालु सावतकर, वंदना आले सहित आदि बरिएमं के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## काया केयर फिजियोथैरेपी सेंटर में नि:शुल्क रोग निदान शिविर संपन्न



### > 210 मरीजों ने लिया लाभ

**नागपुर.**

सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं मानव सेवा के लिए समर्पित सर्व मानव सेवा संघ के तत्वावधान में काया केयर फिजियोथैरेपी एवं दंत चिकित्सा सेंटर, नंदनवन के माध्यम से निशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 210 मरीजों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्युपंचर, ड्राइ नीडलिंग थेरेपी, कपिंग थेरेपी और कांस्य थाली थेरेपी के माध्यम से मरीजों का इलाज किया गया। वहीं, दंत विशेषज्ञों ने निशुल्क दांतों की जांच, सफाई और फिलिंग जैसी सेवाएं प्रदान कीं। इसके अलावा, आंखों की जांच के बाद जिन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की जरूरत थी, उनके लिए संघ की ओर से निशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ. सुभाष कोटेचा और नगरसेविका दिव्या घुरडे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। चिकित्सा सेवा में डॉ. अंकिता नेवारे, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ किरण गावते, डॉ. अदिति वरगंटिवार, डॉ. राहुल आहूजा, आई स्पेशलिस्ट रविंद्र पाटील (35 वर्षों का अनुभव), हर्ष जैन, भावना खानपासोले, आकाश काळे और उमा लोखंडे सहित कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में जी.डी. लैब की ओर से व्होल बॉडी चेकअप भी किया गया, जिसे अंशुल नाचनकर ने संचालित किया। शिविर के बाद भी मरीजों के लिए मात्र ₹ 800 में होल बॉडी चेकअप कराने की विशेष सुविधा देने का आश्वासन दिया गया।

अंत में संघ के सचिव गणेश रेड्डी ने सभी सहयोगियों, डॉक्टरों एवं शिविर में शामिल हुए नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर माया चवरे ने किया नमन

**कामठी.**



देशभर में बुधवार को महान योद्धा और मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे ने भी गोयल टॉकीज चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। माया चवरे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी तथा पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। वह हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सतत प्रेरणा देते हैं। हमें उनको याद कर उनके

## दुर्गा चौक में शिवाजी जयंती हर्षोल्लाससे मनाई गई

**कामठी.**



दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच की ओर से दुर्गा चौक पर बुधवार को शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, नप पूर्व अध्यक्ष प्रमोद उर्फ गुड्डू मानवटकर, शिवसेना उबाठा जिला संगठक राधेश्याम हटवार, रामटेक तहसील रवि रायबोले की प्रमुख उपस्थिति में शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जय शिवाजी महाराज उद्घोषणा कर युवाओं से शिवाजी महाराज की जीवनी से प्रेरणा लेने एवं समाज के विकास में योगदान का आह्वान किया गया। मिठाई का वितरण किया गया।

जयंती समारोह में दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच के अध्यक्ष सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी (उपसंपादक), उपाध्यक्ष प्रशांत खोब्रागड़े, सचिव मनोज नगरकर, सहसचिव संतोष यादव, सहसचिव रवि लांजेवार, सहसचिव देवेंद्र चकोले, कोषाध्यक्ष सुधीर शंभरकर सहित रवि तामसेटवार, अल्पेश पाटील, मनोहर अगुटले, सुंदरसिंग रावत, पवन शर्मा, सुनील काटगए, विराग जोशी, विनोद उर्फ छव्वा यादव, मनसा पटेल, मुन्ना प्रजापति, ओम जोशी, आर्यन खोब्रागड़े, राजू चाहांदे, वसंत सातपुते, रायभान गजभिये, उदय नागदेवे, शंकर टाकभौरे, उमेश्वर शामकुंवर, निकेश रंगारी, राजू मेश्राम, राजू गायकवाड़, नियाज़ कुरैशी, सुभाष भौंडेकर, तुलसीदास पाटील, चरणदास तांडेकर, धम्मा यादव, सुरेंद्र उर्फ मोड़ा यादव, अक्षय भौंडेकर, शीला गजभिए, शारदा मेश्राम, हीरा कावले, आरिफ जमाली आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

## शिवाजी जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण, बांटी मिठाई

**नागपुर.**



उत्तर नागपुर के यशोधरा नगर स्थित शिवाजी चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में ब्लॉक क्रमांक 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर, महाराष्ट्र प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव शेख आसिफ, पुलिस शांति समिति के सदस्य, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की सचिव शायदा बेगम अहमद खान, सतीश पाली सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिवाजी महाराज को नमन कर सभी को जयंती की शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही श्रद्धांजलि स्वरूप मिठाई का वितरण किया गया।

इस मौके पर नागपुर शहर कांग्रेस कमेटी माथाडी कामगार विभाग के महासचिव आहद खान कादरी, ब्लॉक 15 के उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगरसेवक नईम, शेख शाहबुद्धीन, मोहसिन शरीफ, मृणाल वाडिचार, विक्की उधारे, अजित सिंह, निषाद इंदुलकर, शिलाज पांडे, दानिश अली, शाहनवाज शेख, अभिनव गोस्वामी, गौरव डोंगरे, सलमान भाई, रामाजी उइके, प्रसराम मेश्राम, ममता कामड़े, सुनीता मेश्राम, आरती तिवारी, गीता गजबिये, सहनाज खान, रुबीना खान, नूरजहां अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शिवाजी जयंती समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

## महिला मंडल ने धूमधाम से मनाई श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**सौंसर.**



बुधवार को संजय नगर स्थित प्रबुद्ध बौद्ध विहार में सुजाता महिला मंडल द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत बुद्ध, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज और संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और अभिवादन से की गई। इस अवसर पर बौद्ध नवयुवक-युवति परिचय सम्मेलन समिति, सौसर के मार्गदर्शक मुरलीधर कामले ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीवनभर वंचित और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने और स्वराज की स्थापना के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सर्वप्रथम शिवाजी महाराज की समाधि खोजकर उनकी जयंती मनाने की परंपरा शुरू की थी। वहीं, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ने महाड़ पानी सत्याग्रह के दौरान "जय शिवराय, जय ज्योतिबा" का नारा देकर आंदोलन की शुरुआत की थी।

कार्यक्रम को प्रिया नगरारे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुजाता महिला मंडल की प्रभाबाई ठवरे, प्रतिभा गजभिये, माया बागड़े, अनीता सोमकुंवर, शिल्पा वाहने, अर्चना सोमकुंवर, शिल्पा नागदवने, सुरेखा चौरे, नंदा निकोसे, विजय नागदवने, सिद्धार्थ सोमकुंवर, मुकेश बागड़े, कैलास गजभिये, सतीश बंसोड़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भीलगांव ग्रापं में मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**कामठी.**

भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके एवं पूर्व उपसरपंच चंद्रकांत फलके के तत्वावधान बुधवार को छत्रपति शिवाजी जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके व्यक्तित्व-कृतित्व का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज विलक्षण व्यक्तित्व वाले थे और उनकी नेतृत्व क्षमता अद्वितीय थी। उनके आदर्श आज भी सबके लिए मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर योगेश मकड़े, अभिमन्यु बांगड़कर, नथुजी बोंद्रे, सुनील ज्ञानवटकर, सूरज धोंगडे, अर्जुन रोकड़े, नरेंद्र रोकड़े, मनोहर चौधरी, सदाशिव मानकर, सागर सेलोकर, अमोल सेलोकर, राजेश नारनवरे, गुणवंत मकड़े, रूपाली बांगड़कर, उषा उइके, शेषराव लेंडे, दिलीप धोपटे, राजेश पोटभरे, नैना देशभ्रतार, सपना बोदले, रूपाली सहारे, पल्लवी चौधरी आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से घर पर लगाएं सोलर सिस्टम

### > सोलर पैनल रखरखाव के लिए अवनी सोलर पर करें भरोसा: यादव

**कामठी.**

बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा के लिए प्रोत्साहित किया है। जिसके तहत एक करोड़ घरों में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत आप भी अपने घर में सोलर पावर प्लांट लगा सकते हैं। इससे आपका बिजली का भारी भरकम बिल भी नहीं आएगा। यहां तक कि आप बिजली पैदा कर विद्युत विभाग को बेचकर पैसे भी कमा सकते हैं।

उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए रणाला निवासी एवं सोलर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशन प्रोवाइडर के अवनी उद्योग सोलर की मालकिन सौ. वंदना अभिजीत यादव एवं संचालक अभिजीत यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से सरकार द्वारा देश के एक करोड़ लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगवाए जाएंगे. सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जा




रही है। सूर्य घर योजना के तहत अगर आप अपने छत के ऊपर सोलर प्लांट लगाना चाहते हैं, तो आप 1 किलोवाट से लेकर 10 किलोवाट तक का प्लांट लगा सकते हैं. इसके तहत सरकार आपको सब्सिडी देगी.

अवनी उद्योग सोलर के संचालक अभिजीत यादव ने बताया कि उपभोक्ता अपने आवश्यकता के अनुसार सोलर पावर प्लांट अपने छत पर लगा सकता है। इस योजना के तहत रणाला के ओमनगर रहवासी सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक सदाशिव पुड़के तथा आदर्श नगर निवासी अजय ठाकुर ने भी अपने निवास स्थान पर अवनी उद्योग सोलर का सिस्टम लगवाया है। सौर ऊर्जा की महत्ता को सदाशिव पुड़के ने बताया कि यह न केवल बिजली बिल कम करने में मददगार है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। योजना के तहत लोग अपने घरों को रोशन करने के साथ-साथ विद्युत विभाग को बिजली बेचकर कमाई भी कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अवनी उद्योग सोलर घर के मालिकों के लिए सौर ऊर्जा से मिलने वाले लाभों का आनंद लेना जितना संभव हो उतना आसान बनाते हैं। नियमित रखरखाव यह सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है कि आपके सौर पैनल साल भर कुशलतापूर्वक और मजबूती से काम करते रहें।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

### सांसद विवेक बंटी साहू ने किया पूजन एवं माल्यार्पण, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**सौंसर.**



हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक एवं सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती का भव्य आयोजन श्री शिवराय संगठन एवं हिंदू समाज के तत्वावधान में सौसर नगर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केंद्र की संचालिका रेखाताई कंटक एवं उनकी शिष्याओं द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हुई। त्रिवेणी संगम के अमृतजल, सप्त नदियों के जल एवं पंचामृत से छत्रपति शिवाजी महाराज का अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात आदित्य दवंडे द्वारा 'शिवगर्जना जयघोष' किया गया। सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के स्वराज्य स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महानायक हैं। वे हिंदू समाज के लिए देवतुल्य हैं और उनके विचार हमें प्रेरणा देते हैं। श्री शिवराय संगठन द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज एवं मां जिजाऊ की झांकियां प्रस्तुत की गईं। छोटे स्वयंसेवकों ने शिवकालीन शस्त्र एवं अखाड़े का प्रदर्शन किया। वहीं, भव्य आतिशबाजी एवं डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी, नगर पालिका सौसर अध्यक्ष सुरेखा डागा, उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, नपा मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, राहुल मोहोड़ सहित श्री शिवराय संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

श्री शिवजन्मोत्सव के इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में नगर के सामाजिक, धार्मिक संगठनों, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद सौसर एवं मोहगांव के अधिकारी-कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का मीडिया कवरेज करने वाले सभी पत्रकारों का भी आभार व्यक्त किया गया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 690-5 | 157-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 390-2 | 390-2 |
| प्रभात | 258-5 | 135-9 |
| प्रभात नाईट | 499-2 | - |
| डायमंड | 157-3 | 178-6 |
| मेन बाजार | 479-0 | - |
| मिलन डे | 350-8 | 178-6 |
| मेन रतन | 478-9 | 490-3 |
| कल्याण | 247-3 | 788-3 |
| राजधानी डे | 260-8 | 278-7 |
| राजधानी नाईट | 557-7 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 158-4 | 149-4 |

CMYK